01.01.2025 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 02.10pm
प्रादेशिक समाचार

**ओएनओएस**

केन्द्र सरकार ने आज से वन नेशन वन ससब्सक्रिप्शन-ओएनओएस योजना की शुरुआत की। इस योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को सिंगल सब्सक्रिप्शन प्लेटफार्म के तहत शोधपत्रों, जरनलों और शैक्षिक सामग्री सहित व्यापक डिजिटल ज्ञान संसाधनों तक निर्बाध पहुंच उपलब्ध कराना है। इस योजना से अलग-अलग जगह सब्सक्रिप्शन लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी और ज्ञान सबको सुलभ होगा। इससे देश भर के विद्यार्थियों, शोधार्थियों और संस्थानों को लाभ होने की संभावना है।

महाकुम्भ मेला

महाकुम्भ मेला विश्व के सबसे बडे आध्यात्मिक समारोह के रूप में मनाया जाता है। यह मेला आस्था, संस्कृति और प्राचीन परंपरा का एक असाधारण उत्सव है। हिन्दू पौराणिक कथाओं के अनुसार यह पवित्र उत्सव 12 वर्षो के अंतराल पर मनाया जाता है। यह मेला भारत के चार पवित्र शहरों हरिद्वार, उज्जैन, नासिक और प्रयागराज में बारी-बारी से आयोजित किया जाता है।

13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज एक बार फिर इस उत्कृष्ट समारोह का केन्द्र बनने जा रहा है। प्रयागराज का महाकुंभ मेला 2025 भक्ति और नवाचार का एक अद्वितीय मेल को दर्शाएगा। श्रद्धालुओं को सुरक्षित और अच्छी अनुभूति प्रदान करने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

24 घंटे निगरानी करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संचालित कैमरों, रिमोट नियंत्रित जीवन रक्षकों और अंडरवाटर ड्रोन जैसी उन्नत प्रणालियों के साथ सुरक्षा को वरीयता दी जा रही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए डिजिटल ट्रैकिंग और सोशल मीडिया अपडेट के माध्यम से लापता व्यक्तियों को उनके परिवारों से मिलाने के लिए उच्च तकनीक से सुसज्जित खोया-पाया केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। इस बीच टैंट सिटी में ठहरने के लिए आई आर सी टी सी जैसे मंचों के जरिये ऑनलाइन बुकिंग दस जनवरी से शुरू होगी।

नया साल

प्रदेश में 2025 का स्वागत जोर शोर से जारी है । 2024 की आखिरी रात देर तक लोग जश्न में डूबे रहे। साल के पहले दिन यानी आज भी ऐसा ही माहौल है। पचमढ़ी में सुबह योग हुआ। उज्जैन महाकाल मंदिर में रात 3 बजे से ही भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था।

अबतक 1 लाख 65 हजार से ज्यादा श्रद्धालु महाकाल के दर्शन कर चुके हैं। नए साल में उज्जैन में 8 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए भस्म आरती के लिए ऑनलाइन टिकट बुकिंग 26 दिसंबर से 2 जनवरी तक बंद कर दी गई है। अन्य तीर्थ स्थलों पर भी लगभग इसे ही स्थिति है.

मौसम

प्रदेश में कड़ाके की सर्दी का दौर जारी है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि नववर्ष के पहले हफ्ते में एक बार फिर ठंड कई रिकॉर्ड तोड़ सकती है। आज पहले दिन से ही ठिठुरन बढ़ गई है और कई जिलों में घना कोहरा छाया हुआ है। वहीं अगले सात दिनों तक रात के तापमान में लगातार गिरावट आने की संभावना है। मौसम केंद्र भोपाल के अनुसार उत्तर भारत में पहाड़ों पर जबरदस्त बर्फबारी हो रही है, जिसका सीधा असर प्रदेश में भी देखने को मिल रहा है।

यूनियन कार्बाइड

मध्य प्रदेश में केंद्र सरकार की निरीक्षण समिति के निर्देश और मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश पर भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड के शेष 337 मीट्रिक टन रासायनिक कचरे को नष्ट करने की कार्रवाई की जा रही है।

यूनियन कार्बाइड के कचरे की पैकिंग, लोडिंग और परिवहन केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार विशेष कंटेनरों में किया जाएगा और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे।

समाचार संक्षेप में .....

- नवनियुक्त राज्य निर्वाचन आयोग आयुक्त मनोज श्रीवास्वत ने आज पदभार ग्रहण किया। श्री श्रीवास्तव ने पदभार ग्रहण करने के बाद अधिकारियों की बैठक लेकर आयोग की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी ली। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग अभिषेक सिंह ने आयोग द्वारा स्थानीय निकायों के चुनाव में किये जा रहे नवाचारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।
- प्रदेश में नए साल को लेकर उत्साह और उमंग का माहौल बना हुआ हैं। राजधानी भोपाल से बड़ी संख्या में लोग धार्मिक स्थलों पर जाकर नए साल की शुरूआत कर रहे हैं।
- केन्द्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने टीकमगढ़ प्रवास के दौरान कहा कि शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को मिले, नल जल योजना को मिशन मोड में चलाएं।
- आगरमालवा जिले के ऐसे दिव्यांगजन जिन्हें कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण की आवश्यकता है, उनके चिन्हांकन के लिए जिले के चारों विकासखण्डों आगरमालवा, बड़ौद, सुसनेर व नलखेड़ा में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।